सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-111
28/02/2018

# देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के 55वीं निर्वाण दिवस के अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 28 फरवरी 2018 :– भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 55वीं निर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्र ने शत्–शत् नमन किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

पटना में देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 55वीं निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह महाप्रयाण घाट (बांस घाट) स्थित उनके समाधि के निकट आयोजित की गई है, जहॉ राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प–चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समाधि की परिक्रमा कर उन्हें नमन किया। भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की ओर से बिहार के राज्यपाल के परिसहाय, उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू की ओर से जिलाधिकारी पटना, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आयुक्त पटना प्रमण्डल ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प–चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, राज्यसभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री श्याम रजक, सामाजिक कार्यकर्ता श्री छोटू सिंह, श्री मुकेश सिंह, श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत्–शत् नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बिहार सैन्य पुलिस द्वारा शोक सलामी दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर तमाम उपस्थित लोगों ने देशरत्न को याद किया एवं उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को याद करते हुये आगन्तुक पुस्तिका पर देशरत्न के प्रति आदर व्यक्त किया।

******